# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 अगस्त 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से प्रदेशव्यापी लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति निःशुल्क बस यात्रा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के जरिये उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में अब साठ वर्ष और उससे अधिक उम्र की प्रदेश की महिलाएं निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा

***60 साल से ऊपर की माताओं के लिए बस यात्रा आईडी कार्ड–वोटर आईडी कार्ड हो या आधार कार्ड, प्राप्त होने पर उस आधार पर फ्री में रहेगी। वे कहीं भी उत्तर प्रदेश के अंदर जा सकती हैं, कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी, कोई किराया उनका नहीं लगेगा। आपका किराया अब हम लोग देंगे, सरकार आपका किराया भरेगी। इतनी बड़ी सौगात आज प्रदेश भर में प्रारंभ की जा रही है। यह अंतिम नहीं है, यह शुरुआत है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुविधा सुरक्षा से सम्मान, सम्मान से स्वावलंबन और स्वावलंबन से उस नेतृत्व की यात्रा है, जहां पर हर बेटी–बहन–माता आत्मनिर्भर महसूस करे। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि स्नातक में पढ़ने वाली पचास हजार बेटियों को राज्य सरकार की तरफ से अक्टूबर–नवंबर में स्कूटी दी जाएगी। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बुजुर्ग महिलाओं के लिये निःशुल्क बस यात्रा योजना के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों और सिटी बसों में निःशुल्क यात्रा की घोषणा की है। इस घोषणा के अनुसार सभी उम्र की महिलाएं कल सुबह छः बजे से उन्तीस अगस्त की मध्यरात्रि तक बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। उनके साथ एक सहयोगी के लिए भी निःशुल्क यात्रा की अनुमति दी गई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आज लखनऊ में विश्व बैंक की तरफ से वित्त पोषित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। समझौता ज्ञापन यूपी डास्प के साथ गूगल एवं नेटवर्क फॉर ह्यूमैनिटी, आईटीसी और एक्वाब्रिज के बीच हुआ। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश के इक्कीस और बुन्देलखण्ड के सात जिलों में किसानों की आय में वृद्धि के लिये विशेष कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। यह खेलो, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा। राष्ट्रीय खेल दिवस– दो हजार छब्बीस समारोह के अंतर्गत "**मेरा युवा भारत**" द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों को जोड़ा गया है। इन कॉलेजों में उपस्थित विद्यार्थी, प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद से जुड़ेंगे। गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ से विद्यार्थी खेलो इंडिया संवाद में प्रतिभाग करेंगे।

**********

गृहमंत्री अमित शाह ने अगले एक वर्ष में तीन नए आपराधिक कानून देशभर में पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के समापन सत्र में उन्होंने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए मजबूत आंतरिक सुरक्षा बेहद जरूरी है।

***गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए भारत को आंतरिक सुरक्षा और मजबूत करनी होगी। उन्होंने कहा कि अगले 15 से 20 वर्षों की संभावित चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय रहते रोकने की रणनीति बनाई जानी चाहिए। गृहमंत्री ने राज्यों से नशे के खिलाफ अभियान तेज करने और सुरक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर बल देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य सुरक्षित, घुसपैठ मुक्त और नशा मुक्त भारत बनाना है। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अर्जुन शर्मा।***

**********

इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज ईद–ए–मीलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में मुस्लिम समाज के लोगों की तरफ से जुलूस–ए–मोहम्मदी के आयोजन हो रहे हैं। लखनऊ, अयोध्या और गोरखपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में आज ईद–ए–मीलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम बहुल बस्तियों में खासा उत्साह है। कई जिलों में जुलूस–ए–मोहम्मदी को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध के साथ यातायात व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किये गये हैं।

**********

नेपाल के भोटेकोशी नदी में आयी भयंकर बाढ़ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सीमावर्ती महराजगंज और कुशीनगर जिले में प्रशासनिक निगरानी बढ़ा दी गयी है। कुशीनगर जिले में नारायणी नदी के जलस्तर में वृद्धि की आशंका के मद्देनजर राज्य आपदा मोचन बल की टीम तैनात कर दी गयी है। उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कल भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**********